supporting docum...

# शिक्षक अभिभावक योजना प्रतिवेदन
## सत्र 2019–20

सत्र 2019-20 हेतु बी.ए.-तृतीय वर्ष के प्रवेश कमांक 30/1 से प्रवेश कमांक 34/100 तक कुल 100 विद्यार्थियों का अभिभावक शिक्षक प्राचार्य के आदेश कमांक...741.../A.2019 दिनांक 20/8/19 के तहत् नियुक्त किया गया।

शिक्षक अभिभावक के रूप में 53 छात्राओं एवं 47 छात्र के अभिभावक शिक्षक का दायित्व निर्वहन किया विद्यार्थियों में कुछ ने समाजशास्त्र विषय का चयन किया था। अतः उनके सतत सम्पर्क में रहने का सुअवसर मुझे मिला। अभिभावक शिक्षक के रूप में मैनें अपने विद्यार्थियों में जो बाते दृष्टिगत् हुई उसकों समझकर यथासंभव निदान का प्रयास किया।

01. अधिकांश विद्याथियों के पालक मजदूरी/कृषि कार्य द्वारा जीविका उपार्जित करते है। अतः विद्यार्थियों को अर्थाभाव का सामना करना पड़ता है। पुस्तक क्रय न कर पाना या ट्युशन फीस न दे पाना ये मजबूरी दिखायी दी। विभागीय ग्रन्थालय (जिज्ञासा बुक बैंक) द्वारा एवं व्यक्तिगत पुस्तके प्रदान कर एवं नोट्स आदि द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

02. कुछ विद्यार्थियों में व्यक्तिगत् समस्याएँ दृष्टिगत् हुई जैसे स्पष्ट उच्चारण न कर पाना (सुनील साहू प्रवेश कमांक 30/2 एवं पूरण साहू 31/36) उनकी त्रुटियों को ध्यान देकर उसे सुधराने का प्रयास किया गया।

03. कुछ विद्यार्थियों में कलात्मक अभिरूचि दृष्टिगत् हुई तो समाजशास्त्र के विद्यार्थियों हेतु Creative Art प्रतियोगिता का आयोजन कर उनकी अभिरूचियों को जानकर उनमें निखार हेतु प्रयास किया गया। अभिषेक सोनकर (प्रवेश कमांक 31/31) को चित्रकला हेतु प्रेरित कर इन्टरनेट के माध्यम से विविध Site की जानकारी उन्हें दी। अभिभावक शिक्षक के रूप में कुछ अन्य विद्यार्थियों को उनकी रूचि के अनुरूप विविध विधाओं हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार प्राप्त Creative Art प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सब विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

04. अभिभावक शिक्षक के रूप में संपर्करत् विद्यार्थियों को Search कैसे करें। Notes तैयार करना आदि की जानकारी प्रदान की गई तथा सामान्य ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गयी।

05. अभिभावक शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों को सामाजिक मूल्यों से जुड़ने एवं अध्यापन के दोरान प्रेम प्रसंग आदि प्रकरण से दूर रहने हेतु समझाइस दी (विद्यार्थी का नाम गोपनीय रखा गया है, छात्रहित को ध्यान में रखते हुए)

06. अभिभावक शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर होने हेतु प्रेरित किया कुछ विद्यार्थी Part Time Job कर परिवार को सहयोग कर रह है।

07. अभिभावक शिक्षक के रूप में परिवार के सदस्यों के नशापान में रोक हेतु उपयोगी सुझाव विद्यार्थियों को दिये गये तथा स्वयं उन्हें नशापान, गुटका, तम्बाकू, गुड़ाखू आदि का सेवन न करने की सलाह दी।

08. अभिभावक शिक्षक के रूप में प्रतिभागी परीक्षाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम सी दी इससे समाजशास्त्र से जुड़े विद्यार्थी जो मेरे नियंत्रण में थे, उन्हें मार्गदर्शन दिया गया।

09. अभिभावक शिक्षक के रूप में सम्पूर्ण सत्र भर उन्हें महाविद्यालय में उपस्थित होने एवं परीक्षा की तैयारी अच्छी करने हेतु प्रेरित किया गया। विषय शिक्षक के रूप में महाविद्यालय के सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान एवं यथोचित सहयोग प्रदान किया गया।

( डॉ. अनिता राजपुरिया )
विभागाध्यक्ष
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी ( छ.ग. )